an>

Title: Need to provide compensation to farmers who lost their crops to drought in Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बांदा एवं चित्रकूट जनपद में बड़ी संख्या में किसानों का सूखे की राहत राशि की एक किस्त भी नहीं मिली है। बांदा जिले में भी यही हाल है। प्रदेश के मंत्रीगण व जिलों के अधिकारी धनाभाव को इसका कारण बताते हैं। किसान बहुत ही निराश व हताश है। लगातार कई वर्ष के सूखे से उसकी हालत बहुत ही खराब है। किसानों को पहनने के लिए कपड़े एव दवा के लिए पैसा नहीं है। खाने के अनाज वितरण में भी भेदभाव हो रहा है। अस्तु सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।